मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-499
25/09/2023

# मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग की समीक्षा की, टाल विकास योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की अद्यतन स्थिति की ली विस्तृत जानकारी, अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 25 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जल संसाधन विभाग की 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने टाल विकास योजना के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक में जल संसाधन विभाग के परामर्शी श्री रवीन्द्र शंकर ने टाल क्षेत्र के विकास और उनमें व्याप्त समस्याओं को दूर करने को लेकर बनाई गयी विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें टाल क्षेत्र की समस्यायें, टाल क्षेत्र विकास योजना का उद्देश्य, इसके अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोकामा टाल के जलजमाव को दूर करने एवं जल का बेहतर आर्थिक उपयोग कैसे हो, इसको विस्तृत तौर पर इस योजना में सम्मिलित किया गया है। गौरतलब है कि बिहार के दक्षिणी भू–भाग में 1062 वर्ग किलोमीटर में फतुहा से बड़हिया तक टाल क्षेत्र है। यह टाल पूरब से पश्चिम की ओर 7 टाल में विभक्त है, जिसमें बड़हिया टाल, सिंघौल टाल, बख्तियारपुर टाल, मोकामा टाल, मोर टाल, बाढ़ टाल, एवं फतुहा टाल है। इस टाल क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए टाल के जलजमाव को 15 अक्टूबर तक खाली किया जाना आवश्यक माना गया है। इस उदेश्य की पूर्ति के लिए योजना का सूत्रण कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुति दी गयी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने टाल क्षेत्र के विकास के लिए बनायी गयी योजनाओं के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी इलाके के विकास के लिये योजनाबद्ध ढंग से काम कर रहे हैं लेकिन हमारा इस क्षेत्र से विशेष लगाव है। जब हम विधायक थे, उस समय उन क्षेत्रों में जाकर घूमते रहते थे और उनकी समस्याओं के बारे में बात करते थे। जब केन्द्र में मंत्री थे तब 12 किलोमीटर, 14 किलोमीटर प्रतिदिन चलते थे। एक दिन तो हम 18 किलोमीटर चले थे। लोगों को आवागमन की काफी समस्या थी। सरकार में आने के बाद इस क्षेत्र के विकास के लिये हमलोगों ने आवागमन को सुलभ बनाया। छात्र–छात्राओं को पढ़ने के लिये स्कूल की व्यवस्था की गयी है। किसानों के लिये कृषि विकास कार्य तथा लोगों की सुविधाओं के लिये कई कदम उठाये गये हैं। उन्होंने कहा कि टाल क्षेत्र के विकास के लिये जो योजनायें बनायी गयी है, उन योजनाओं को तेजी से पूर्ण करें।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, पूर्व जल संसाधन मंत्री सह सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मुख्य के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार,

विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जल संसाधन विभाग के परामर्शी श्री रवीन्द्र शंकर, जल संसाधन विभाग के अभियंता प्रमुख श्री शैलेन्द्र एवं अन्य अभियंता उपस्थित थे।

******